# M/P ENT - 16

**Total No. of Pages : 8**

| Seat No. | |
|---|---|

## M.Phil./Ph.D. Entrance Examination, May - 2019 (Special Drive)
## HINDI

**Day and Date : Wednesday, 22 - 05 - 2019** **Total Marks : 100**

**Time : 1.00 p.m. to 3.00 p.m.**

**Instructions :**
1) All questions are compulsory.
2) Each question carries 2 marks.
3) Answers should be marked in the given OMR answer sheet by darkening the appropriate option.
4) Use black ball point pen only for marking the circle. Do not make any stray mark on the OMR Answer Sheet.
5) Follow the instructions given on OMR Sheet.
6) Rough work shall be done on the sheet provided at the end of question paper.
7) Only non programmable calculators are allowed.

1) पूर्व निर्मित सिद्धांत द्वारा अज्ञात सत्य को प्रमाणित करने के लिए कितनी पद्धतियों का अवलंब किया जाता है?

A) पाँच B) चार

C) सात D) आठ

2) क्रियात्मक शोध निम्नलिखित में से किस अनुसंधान पद्धति के अंतर्गत आता है?

A) प्रायोगिक शोध B) सर्वेक्षणात्मक शोध

C) प्रयोगात्मक शोध D) सैद्धांतिक शोध

3) अनुसंधान की प्राथमिक आवश्यकता क्या होती है?

A) मार्गदर्शन देना B) आर्थिक नियोजन करना

C) ग्रंथालय में बैठे रहना D) योजना तैयार करना

4) मोटे तौर पर साक्षात्कार के कितने प्रकार माने गए हैं?

A) छह B) दो

C) चार D) आठ

5) दर्शन के क्षेत्र में उपलब्ध अनुसंधानसंबंधी समस्याओं को क्या कहते हैं?

A) दर्शनीय समस्याएँ B) अदृश्य समस्याएँ

C) तात्त्विक समस्याएँ D) दार्शनिक समस्याएँ

*P.T.O.*

6) नोट लेने की अद्यतन प्रणाली कौनसी है?

A) संगणक संकेत प्रणाली
B) संकेत पुरजा प्रणाली
C) बही प्रणाली
D) परचा प्रणाली

7) अनुसंधान में किसकी प्रधानता होती है?

A) तथ्यान्वेषण
B) तथ्याख्यान
C) तथ्यों का संग्रह
D) इनमें से कोई नहीं

8) साहित्यिक अनुसंधान का मूल प्रयोजन क्या है?

A) पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त करना
B) साहित्यिक के बारे में जानना
C) अतीत की महत्ता को खोजना
D) साहित्यिक के जीवन को समझना

9) किस अनुसंधान में गाँव, चौपाल, खेत–खलिहान, पनघट तथा बावडियाँ आदि का विशेष ज्ञान आवश्यक है?

A) साहित्येतिहाससंबंधी शोध
B) साहित्य का ऐतिहासिक शोध
C) तुलनात्मक साहित्यिक शोध
D) लोक साहित्यसंबंधी शोध

10) Biblography Card को हिंदी में क्या कहते हैं?

A) सामान्य सामग्री कार्ड
B) विशेष सामग्री कार्ड
C) संदर्भ सामग्री कार्ड
D) सहायक सामग्री कार्ड

11) एक अच्छे साक्षात्कार कर्ता में निम्नलिखित में से कौनसा गुण नहीं होना चाहिए?

A) निष्पक्षता
B) दृढ परिश्रमी
C) विचारों की स्पष्टता
D) अनुशासनहिनता

12) निम्नलिखित में से प्राक्कलपना की कौनसी विशेषता नहीं है?

A) अवधारणात्मक स्पष्टता
B) विशिष्टता
C) सरलता
D) अनिश्चितता

13) शोध में आगमन पद्धति का पुरस्कर्ता कौन है?
   A) लियोनार्दो द विंची
   B) बेकन
   C) व्हिटनी
   D) प्लेटो

14) निम्नलिखित में से कौनसा गुण अनुसंधाता के लिए आवश्यक है?
   A) उद्दंडता
   B) पूर्वग्रहदूषितता
   C) असहिष्णुता
   D) कर्त्तव्यबोध

15) पांडुलिपि के पाठ में आनेवाली भूलों को पाठालोचक माताप्रसाद गुप्त ने कितने भागों में विभाजित किया है?
   A) सात
   B) पाँच
   C) आठ
   D) चार

16) किसी वस्तु या तत्त्व का विच्छेदन कर उसके विविध अंगों का अध्ययन किया जाए, तो उसे क्या कहते हैं?
   A) अंशोन्मुख विश्लेषण
   B) निर्णयात्मक विश्लेषण
   C) पूर्णोन्मुख विश्लेषण
   D) विश्लेषणात्मक विश्लेषण

17) 'अनुसंधान के मूल तत्त्व' किसकी रचना है?
   A) विश्वनाथ प्रसाद
   B) रामेश्वरलाल खंडेलवाल
   C) रामचंद्र शुक्ल
   D) विजयपाल सिंह

18) 'अनुसंधान और कुछ नहीं है, अपितु एक अध्यवसायपूर्ण खोज है जिसमें आदिमयुगीन मनुष्यों को आखेट के समान आनंद की प्राप्ति होती है।' – अनुसंधान की यह परिभाषा किसकी है?
   A) लुंडबर्ग
   B) जेम्स हार्वे रॉबिन्सन
   C) बोगार्ड्स
   D) सी. सी. कॉनफर्ड

19) 'आधुनिक शोध पद्धति' ग्रंथ के लेखक कौन हैं?
   A) मनमोहन सहगल
   B) विजयपाल सिंह
   C) डॉ. नगेंद्र
   D) डॉ. रामगोपाल सिंह

20) शोधकार्य की रूपरेखा के क्रमशः अंग कौन से हैं?
   A) मूल अध्ययन योजना, भूमिका, निष्कर्ष, परिशिष्ट
   B) भूमिका, मूल अध्ययन योजना, निष्कर्ष, परिशिष्ट
   C) भूमिका, मूल अध्ययन योजना, निष्कर्ष, परिशिष्ट
   D) निष्कर्ष, भूमिका, मूल अध्ययन योजना, परिशिष्ट

21) डॉ. गोपलाल जैन उद्देश्य के आधार पर साक्षात्कार के कितने प्रकार मानते हैं?

A) तीन
B) चार
C) पाँच
D) दो

22) शोधार्थी के विषय का निर्धारण किस बात से स्पष्ट होता है?

A) रुचि
B) प्राप्तांक
C) शोध निर्देशक
D) विभागाध्यक्ष

23) साहित्यिक अनुसंधान किस काल की उपज होता है?

A) प्राचीन काल
B) आधुनिक काल
C) रीतिकाल
D) आदिकाल

24) वर्तमान परिस्थिति में किस प्रकार का शोधकार्य दो प्रतिशत से कम है?

A) काव्यशास्त्र
B) तुलनात्मक
C) देवनागरी से इतर अन्य लिपियों में प्राप्त हिंदी साहित्य
D) इनमें से अलग है

25) शोधार्थी द्वारा पंजीकृत विषय पर प्रस्तुत किए हुए समूचे ग्रंथ को क्या कहा जाता है?

A) प्रबंध
B) पांडुलिपि
C) शोध प्रबंध
D) शोध प्रकल्प

26) 'भूषण बिनु न विराजई कविता बनिता मित्त।' में कौनसा अलंकार है?

A) श्लेष
B) यमक
C) उत्प्रेक्षा
D) भ्रांतिमान

27) किस पाश्चात्य विद्वान ने 'अनुकरण' को काव्य हेतु माना है?

A) स्वीट
B) प्लेटो
C) कालरिज
D) अरस्तू

28) 'कविकल्पतरु' ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?

A) मम्मट
B) भवभूति
C) चिंतामणि
D) श्रीपति

29) 'रीतिरात्मा काव्यस्य' किसने कहा है?

A) दंडी
B) कुंतक
C) वामन
D) भामह

30) 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

A) डॉ. गणपतिचंद्र गुप्त
B ) डॉ. शिवकुमार मिश्र
C) डॉ. नगेंद्र
D) डॉ. रामकुमार वर्मा

31) मुक्तिबोध के साहित्य के मूल में किसके विचारों का प्रभाव पाया जाता है?

A) बर्गसां
B) सार्त्र
C) कामू
D) अल्बेयर

32) 'तपती जिंदगी की उदास दोपहरी में, तुम खस की खुशबू की तरह मेरे कमरे में आई थी।' – उद्धरण में कौनसा बिंब है?

A) घ्राण बिंब
B) श्रवण बिंब
C) स्पर्श बिंब
D) दृश्य बिंब

33) काव्य में सबसे अधिक प्रभाव उत्पन्न करनेवाला तत्त्व कौनसा है?

A) कल्पना तत्त्व
B) भाव तत्त्व
C) शब्द तत्त्व
D) विचार तत्त्व

34) 'आठवाँ सर्ग' नाटक के नाटककार कौन हैं?

A) सुरेंद्र वर्मा
B) सुरेंद्र तिवारी
C) भीष्म साहनी
D) मोहन राकेश

35) रोमांटीसिज्म को 'साहित्यिक उदात्तता' नाम किसने दिया?

A) फ्रेड्रिक शेगल
B) प्लेटो
C) विक्टर ह्यूगो
D) हीगल

36) सामान्यत: भाषा की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण इकाई किसे माना जाता है?

A) पद
B) वाक्य
C) वाक्य
D) शब्द

37) कृत्रिम भाषा एस्पेरैंतो के जनक कौन है?

A) प्रो. हेज
B) डॉ. राये
C) डॉ. जमेनहाफ
D) प्रो. जोहान्सन

38) सच्चिदानंद हिरानंद वात्सायन का उपनाम क्या है?

A) नहूष
B) अज्ञात
C) निराला
D) अज्ञेय

39) शुद्धाद्वैतवाद के प्रवर्तक कौन हैं?

A) सूरदास
B) वल्लभाचार्य
C) निंबार्काचार्य
D) महाप्रभू चैतन्य

40) निम्नलिखित में से अल्पप्राण ध्वनि कौनसी है?

A) ट
B) ढ
C) घ
D) ठ

41) 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से किसे जाना जाता है?

A) सियारामशरण गुप्त
B) बालकृष्ण शर्मा नवीन
C) रामधारी सिंह
D) माखनलाल चतुर्वेदी

42) 'शिवा बावनी' के रचयिता कौन है?

A) मानसिंह
B) लाल कवि
C) भूषण
D) पद्माकर

43) पाश्चात्य आलोचना पद्धति 'एलियनेशन' को हिंदी में क्या कहते हैं?

A) अजनबीपन
B) प्रतीकवाद
C) विडंबना
D) अकेलापन

44) निम्नलिखित में से कौनसी रचना अज्ञेय की नहीं है?

A) इत्यलम
B) हरी घास पर क्षणभर
C) ठंडा लोहा
D) इंद्रधनु रौंदे हुए

45) रामविलास शर्मा किस प्रवृत्ति के आलोचक रहे हैं?

A) प्रगतिवादी
B) स्वच्छंदतावादी
C) प्रयोगवादी
D) संस्कृतिवादी

46) पतंजलि ने कौनसा ग्रंथ लिखा?

A) वैयाकरण
B) व्याकरण
C) महाभाष्य
D) वर्तिक

47) आदिकाल का दूसरा नाम क्या है?

A) सामान्य काल
B) वीरगाथा काल
C) अर्वाचीन काल
D) विकास काल

48) शब्दों में प्रकृति और प्रत्यय का विवेचन क्या कहलाता है?

A) निरुक्त
B) प्रतिशाख्य
C) ध्वनिविज्ञान
D) स्वन विज्ञान

49) 'कवि लोगों की उर्मिला विषयक उदासीनता' लेख किसका है?

A) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
B) मैथिलीशरण गुप्त
C) आ. रामचन्द्र शुक्ल
D) पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी

50) समाज भाषाविज्ञान किस व्यवस्था पर काम करता है?

A) व्याकरणिक
B) सांस्कृतिक
C) सम्प्रेषण
D) विस्तारीकरण

⌘⌘⌘

रफ कार्य